## न्यूज कार्नर

### संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन कल

**जागरण नर्मदापुरम।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी द्वारा कल प्रात- 10.30 बजे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विभाग, खादी ग्रामोद्योग एवं कुटीर विभाग, रेशम विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, की संभागीय समीक्षा बैठक ली जावेगी। बैठक में उक्त विभागों के संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने निदेर्शित किया गया है

### मां नर्मदा पुराण का आयोजन कल से

**जागरण माखननगर।** शांकुल कुचबंदिया परिवार द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में 18 से 24 फरवरी तक



नर्मदा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में ख्यात कथा वाचक ऊमरखेड़ी वाले पं. प्रमोदानंद महाराज व्यासगादी से श्रोताओं को कथा का अमृतपान करायेंगे। पार्षद विशाल शांकुल ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक नसीराबाद रोड स्थित शंकर मंदिर, मंडी प्रांगण माखननगर में होगी। कथा के प्रथम दिवस 18 फरबरी को प्रातः 9 बजे से कलश यात्रा निकलेगी। पूर्णाहुति 24 फरवरी को प्रसादी वितरण के साथ होगी । आयोजक शांकुल परिवार ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर पुण्य अर्जित करने अनुरोध किया है।

### विधायक की अनुशंसा पर प्रशा. स्वीकृति जारी

**जागरण नर्मदापुरम।** सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से नर्मदापुरम, माखननगर, सोहागपुर एवं केसला के 39 हितग्रहियों के लिए 5 लाख 80 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के सोहागपुर, माखननगर एवं केसला के 16 हितग्राहियों के लिए क्रमशः 25-25 हजार रू, सोहागपुर के 01 हितग्राही को 20 हजार रू, माखननगर के 02 हितग्राहियो को 15-15 हजार रू, सोहागपुर, माखननगर एवं नर्मदापुरम के 06 हितग्राहियों के लिए के लिए 10-10 हजार रू तथा माखननगर, नर्मदापुरम एवं सोहागपुर के 14 हितग्राहियों के लिए 05-05 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### राज्यसभा सांसद की अनुशंसा पर राशि स्वीकृत

**जागरण नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 02 निर्माण कार्य के लिए 07 लाख 88 हजार 243 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की अनुशंसा पर नर्मदापुरम के वार्ड क्र. 18 शिव कॉलोनी में नीरज जैन के मकान से राजपूत के मकान तक सीसी रोड निर्माण के लिए 05 लाख 87 हजार 596 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिसमें सांसद निधि से 5 लाख रूपये एवं निकाय राशि 87 हजार 596 शामिल है। नगर वार्ड क्र. 23 सरस्वती नगर, रसूलिया में सार्वजनिक विचित्रवीर पार्क परिसर का सौंदर्यीकरण के लिए 02 लाख 647 रू की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें सांसद निधि से 01 लाख 50 हजार रूपये एवं निकाय राशि 50 हजार 647 रूपये शामिल है।

---

### शिवपुरी में हुई अधिवक्ता की हत्या के विरोध में मुखर हुआ अधिवक्ता संघ, जिलेभर में किया प्रदर्शन

# अधिवक्ता संघ ने किया हत्या का विरोध, प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जागरण नर्मदापुरम।** प्रदेश के शिवपुरी जिले के करेरा में वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी को गोली मारकर हत्या की वारदात का अधिवक्ताओं द्वारा विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया जा रहा है एवं प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिलेभर में अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है।



नर्मदापुरम के समस्त अधिवक्तागण सोमवार को न्यायालयीन कार्य से विरत रहे। जिला अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर एडीएम राजीव रंजन पांडे को प्रतिवाद ज्ञापन सौंपकर प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किये जाने की मांग की है। ज्ञापन अतिरिक्त कलेक्टर को सौंपा गया। श्री जराठे ने बताया कि इसके पूर्व प्रधान एवं जिला सेंशन न्यायाधीश तृप्ति शर्मा को भी ज्ञापन सौंपा गया। जराठे ने बताया कि एक सप्ताह बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें समस्याओ से अवगत कराया जावेगा। जिला सेंशन न्यायाधीश, कलेक्टर को सौपें ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के साथ वकीलों को सम्मान पुलिस एवं प्रशासन के विभागों में मिले कि मांग की गई।

इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दीपक जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता से ठाकुर केके जराठे एसएस पटेल, प्रशांत तिवारी, सरदार खान, विजया कदम, रोहित पालीवाल, प्रदीप चौबे, अजय तिवारी, बलवंत ठाकुर,राजा चौहान, सुरेंद्र राजपूत, नितेश गौर, संजेश राजपूत, सुरेंद्र सिंह राजपूत, श्रीप्रकाश दुबे, योगेश पटेल, मनीष शर्मा,अनूप तोमर, सचिन चौबे सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

### सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**जागरण सिवनी मालवा।** प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने बताया कि अधिवक्ताओं पर प्राणघातक हमले, मारपीट और



दुर्व्यवहार की कई घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न होने के कारण ऐसे अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि स्व. संजय कुमार सक्सेना की हत्या सहित प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ हुए सभी आपराधिक कृत्यों की त्वरित और निष्पक्ष जांच की जाए तथा दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रदेश में शीघ्र अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जागरण सोहागपुर।** शिवपुरी जिले के अधिवक्ता संजय सक्सेना की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में सोमवार को अधिवक्ता संघ के बैनर तले स्थानीय वकीलों ने प्रतिवाद दिवस मनाकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता संघ के सचिव संजय तिवारी ने बताया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम प्रियंका भलावी को सौंपा है। जिसमें मांग की है कि शिवपुरी के मृतक अधिवक्ता संजय सक्सेना के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिलाया जाए उसके परिवार के लोगों को सरकारी नौकरी दी जाए, हत्यारो को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए यदि एडवोकेट प्रोडक्शन एक्ट लागू नहीं होता है तो समूचे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष मंगल सिंह रघुवंशी, बी.के शर्मा, गोपाल माहेश्वरी, शिरीष



तिवारी, शंकरलाल मालवीय, सतीश नामदेव, महेश पचौरी, नीरज शर्मा, रामेश्वर कहार , विक्रम रघुवंशी, नाज़नीन खान, सुनील कसेरा, मुकेश अहिरवार, ललित कहार, नौशीन खान सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पिपरिया एवं बनखेड़ी में भी वकीलों का प्रदर्शन



**जागरण पिपरिया।** शिवपुरी के वकील संजय कुमार सक्सेना की हत्या के मामले में सोमवार को वकीलों ने पिपरिया और बनखेड़ी में काम बंद रखकर एक दिन की हड़ताल की। वकीलों ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तुरंत लागू करने की मांग की। पिपरिया में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नागवंशी और सचिव वेदप्रकाश भार्गव सहित अन्य पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार नीरज बैंस को ज्ञापन दिया। वहीं बनखेड़ी में भी वकीलों ने तहसीलदार को अपनी मांगों का पत्र सौंपा।

हड़ताल की वजह से अदालतों में कोई कामकाज नहीं हुआ और कई जरूरी केसों की सुनवाई आगे बढ़ानी पड़ी। अधिवक्ता संघ का कहना है कि असामाजिक तत्व अपने स्वार्थ के लिए आए दिन वकीलों को निशाना बना रहे हैं। आए दिन वकीलों के साथ मारपीट, हमले और हत्या जैसी खबरें आ रही हैं, जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। वकीलों का कहना है कि वे लंबे समय से सुरक्षा कानून की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है।

---

## स्वास्थ्य कर्मियों ने काली पट्टी लगाकर किया काम, प्रदेशव्यापी आंदोलन की दी चेतावनी

**जागरण नर्मदापुरम।** जिला अस्पताल में सोमवार को स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर काम किया। वेतन विसंगति और नियमितीकरण समेत अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी लंबे समय से आवाज उठा रहे हैं। मांगें पूरी नहीं होने पर संगठन ने अब 24 फरवरी को भोपाल में न्याय यात्रा निकालने की चेतावनी दी है। स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह मीना ने बताया कि प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों की वर्षों से लंबित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर महासंघ द्वारा कई बार शासन-विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ। जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री से आग्रह है कि समय रहते मांगों पर विचार कर शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने बताया कि संगठन की प्रमुख मांगों में चिकित्सकों की तरह रात्रिकालीन आकस्मिक चिकित्सा भत्ता दिया जाए, रेडियोग्राफर, डार्क रूम असिस्टेंट,



अटेंडेंट को रेडिएशन जोखिम भत्ता दिया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग की 2023 की नीति एनएचएम में संविदा कर्मचारियों के लिए पूर्ण रूप से लागू हो या नियमित किया जाए। एड्स नियंत्रण समिति के संविदा कर्मचारियों को एनएचएम विभाग में मर्ज किया जाए अथवा नियमित करें। ग्वालियर और रीवा मेडिकल कॉलेज की तरह समस्त मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग ऑफिसर को तीन एवं चार वेतन वृद्धि दी जाए। आउटसोर्स एवं रोगी कल्याण समिति के कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बने, ताकि समय पर वेतन और सेवाएं सुरक्षित रहें। समस्त कैडर के ग्रेड पे संशोधित किए जाएं। मेडिकल कॉलेज (स्वशासी) में कार्यरत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ 2018 के स्थान पर 2016 से दिया जाए एवं विभागीय विसंगति शीघ्र दूर किया जाना शामिल हैं। संगठन ने निर्णय लिया है कि अगर समय सीमा में मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है, तो प्रदेश व्यापी आंदोलन जारी रहेगा।

## निःशुल्क आयुर्वेद शिविर में 164 मरीजों की जांच कर 98 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

**जागरण नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के तत्वावधान में शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय नर्मदापुरम में एक दिवसीय निःशुल्क एनोरेक्टल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ. एसपी. वर्मा संभागीय अधिकारी, अनॉर्कटल सर्जन डॉ. राम सिन्हा एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. एसआर करोंजिया की उपस्थिति में भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्पित कर किया गया।

शिविर में बवासीर, भगंदर , परिकार्तिका एवं अन्य रोगों से पीड़ित 164 मरीजों की जांच की गई। विशेषज्ञ टीम में पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान, भोपाल से वरिष्ठ एनोरेक्टल सर्जन डॉ. राम सिन्हा, पीजी स्कॉलर डॉ. रवीन्द्र पाटिल, डॉ. गुंजन, डॉ. सोनाली एवं डॉ. शुभांगी शामिल थीं। जांच के बाद 98 मरीजों को क्षारसूत्र शल्यकर्म के लिए चयनित किया गया,



जिनकी निःशुल्क सर्जरी 23 से 28 फरवरी 2026 तक पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान, भोपाल में की जाएगी। इन मरीजों को 22 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक भर्ती होकर उपचार प्राप्त करने के लिए बुलाया गया है।

शिविर का निरीक्षण संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. एसपी. वर्मा ने किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एसआर. करोंजिया के मार्गदर्शन में शिविर नोडल अधिकारी डॉ. ए.के. पुष्कर, डॉ. सविता पुष्कर, डॉ. ललिता उइके, डॉ. मिथिलेश उइके, डॉ. संदीप रघुवंशी तथा पैरामेडिकल स्टाफ ने सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन में जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

**जागरण नर्मदापुरम।** प्रदेश में शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने एवं इसके सफल क्रियान्वयन में नर्मदापुरम जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस दिशा में जिले ने प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

जिला सूचना अधिकारी मनीष गुणवान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक 21882 से अधिक ई-फाइलों का सृजन किया जा चुका है तथा 1,12,359 से अधिक ई-फाइलों का आदान-प्रदान प्रमुख शासकीय कार्यालयों के मध्य किया गया है। इसके अतिरिक्त 51629 ई- रिसिप्ट को सृजित किया गया है। 3,33,568 ई-रिसिप्ट का आदान प्रदान हुआ है।

**अब तक 21,882 से अधिक ई-फाइलों का हुआ सृजन**

वर्तमान में जिले के 51शासकीय कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर लिया गया है। साथ ही 22 विकासखंड स्तरीय कार्यालय तथा कलेक्टर कार्यालय के 38 क्षेत्र भी ऑन बोर्ड किए गए हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 111 यूनिट ऑनबोर्ड की गई है। साथ ही 1061 उपयोगकर्ताओं को ई-ऑफिस में ऑनबोर्ड किया गया है। इन कार्यालयों में अब पारंपरिक कागजी फाइलों के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से फाइलों और पत्रों का संप्रेषण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश अनुसार जिले के समस्त मुख्य कार्यालय का संचालन ई ऑफिस प्रणाली से किया जा रहा है। जिले में अब तहसील, अनुविभागीय कार्यालय, सहित जनपद पंचायत कार्यालयों में भी ई-ऑफिस प्रणाली से ही कार्यालयीन कार्य किया जा रहा है। ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई एवं कार्य कुशलता में वृद्धि हुई है, जिससे शासन की योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है।

## अंधाधुंध दौड़ती ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रोक लगाने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरण माखननगर।** नगर में बेख़ौफ चल रही रेत की अवैध ट्रेक्टर ट्रॉली की अंधाधुंध रफ्तार एवं तेज आवाज में गाने बजाने के विरोध में नागरिकों द्वारा कलेक्टर के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि कसेरा मोहल्ला से प्रतिदिन अनेकों ट्रैक्टर ट्रॉली अंधाधुंध गति से एवं तेज साउंड से अश्लील गीत बजाते हुए निकलते हैं। जिनकी शिकायत कई बार प्रशासन से की गई किंतु इनके विरुद्ध कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई जिससे इनके हौंसले बुलंद हैं। इसके चलते दुर्घटना का भय बना रहता है। अगर इन पर रोक नहीं लगाई गई तो तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। ज्ञापन में कलेक्टर से शीघ्र समस्या के हल की मांग की गई है।

## जनगणना 2027 | घर-घर डेटा संग्रहण करने के लिए अफसरों को दिया गया प्रशिक्षण

# मोबाइल एप से होगा डिजिटल सर्वे, अधिकारियों ने सीखी कार्यप्रणाली

**जागरण नर्मदापुरम।** सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जनगणना 2027 के लिए जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत की जनगणना के संबंध में संक्षिप्त परिचय एवं नीति निर्माण सहित जनगणना 2027 के मुख्य बिंदुओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा सभा कक्ष में उपस्थित जिले के समस्त एसडीएम, चार्ज जनगणना अधिकारी (तहसीलदार), सीएमओ चार्ज जनगणना अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी को प्रक्रिया में आंकड़ों की सटीकता के महत्व आदि की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना 2027 के दौरान डेटा संग्रह और उसके जांच की



प्रकिरिया के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि आंकड़ा संग्रहण करने के लिए प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर स्वयं के मोबाइल फोन में एप के माध्यम से जानकारी एकत्रित करना तथा स्वगणना (एसई) पोर्टल के माध्यम से जानकारी का एकत्रीकरण किए जाने के संबंध में भी अवगत कराया गया। स्वगणना पोर्टल के माध्यम से नागरिक जानकारी अपडेट कर सकेंगे जिसे बाद में प्रगणक द्वारा सत्यापित कर सबमिट किया जाएगा। इसी प्रकार प्रशिक्षण के दौरान जनगणना संभाग प्रभारी अनामिका जैन एवं जिला प्रभारी आयुषी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को प्रगणक और पर्यवेक्षक के कार्य प्रवाह के संबंध में भी विस्तार पूर्वक समझाया गया। उन्होंने बताया कि पूरी जनगणना प्रक्रिया के दौरान प्रशिक्षण, एचएलबी की पहचान तथा लेआउट मैप, डाटा संग्रहण एवं सत्यापन, डाटा सिंक एवं पर्यवेक्षण तथा समापन और प्रमाणन प्रक्रिया का अनुपालन किया जायेगा।

बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को प्रगणकों के मुख्य कर्तव्य से भी अवगत कराया गया जिसमें प्रशिक्षण, मोबाइल एप के उपयोग, मकान सूचीकरण, एचएलबी का लेआउट तैयार करना, एचएलओ एप के माध्यम से डाटा एकत्रित करना सहित पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने जैसे घटकों की जानकारी दी गई। इसी प्रकार पर्यवेक्षकों के मुख्य कर्तव्य से अवगत कराते हुए बताया कि सुपरवाइजर ऐप और फील्ड निरीक्षण के माध्यम से प्रगणक के डेटा की निगरानी, फील्ड कार्य के दौरान प्रगणक को इस कार्य से सम्बंधित कोई समस्या आए तो उसका निराकरण जैसी अन्य जानकारी भी प्रदाय की गई।

प्रशिक्षण के दौरान एडीएमराजीव रंजन पांडे, अपर कलेक्टर अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी सहित समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 13 अवकाश घोषित

**जागरण नर्मदापुरम।** महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु 13 अवकाश निर्धारित किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया द्वारा जानकारी दी गई कि 03 मार्च 2026 को होली, 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, 21 मार्च को ईद-उल-फितर, 01 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 27 मई को ईदुज्जुहा, 26 अगस्त को मिलाद-उन-नबी, 28 अगस्त को रक्षाबंधन, 04 सितंबर को जन्माष्टमी, 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 19 अक्टूबर को दुर्गा नवमी (महानवमी), 20 अक्टूबर को दशहरा (विजयादशमी), 09 नवंबर को गोवर्धन पूजा तथा 25 दिसंबर को क्रिसमस का अवकाश घोषित किया गया है।

## न्यूज कार्नर

### मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ हुई महाआरती



**जागरण, टिमरनी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद एवं समाजसेवी पुनीत जायसवाल द्वारा प्राचीन शंकर मंदिर प्रांगण में भगवान महादेव की दिव्य एवं आकर्षक आदियोगी प्रतिमा के पावन सान्निध्य में भव्य आयोजन किया गया। शंकर मंदिर समिति के तत्वावधान में मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति के साथ महाआरती संपन्न हुई। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान महादेव का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात जायसवाल परिवार द्वारा महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

**एलईडी स्क्रीन पर भारत-पाक का मैच देखा**

इस विशेष अवसर पर श्रद्धा और आस्था के साथ राष्ट्रभाव को भी समर्पित करते हुए पुनीत जायसवाल मित्र मंडल द्वारा भारत बनाम पाकिस्तान के मध्य आयोजित टी-20 वर्ल्ड कप मैच का एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने एक ओर भक्ति का रसपान किया तो वहीं दूसरी ओर रोमांचक क्रिकेट मुकाबले का आनंद भी लिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालु ओर क्रिकेट प्रेमियों द्वारा भारतीय टीम के विजय होने पर जश्न मनाया।

### ध्वज लहराकर 90वीं शिव जयंती मनाई गई



**जागरण, टिमरनी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय टिमरनी में धूमधाम से शिव ध्वज लहराकर और परमात्मा शिव को भोग स्वीकार कराकर महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया गया। इस उपलक्ष्य में माउंट आबू से आए ब्रह्माकुमार मुकेश भाई ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व के आध्यात्मिक मर्म को स्पष्ट करते हुए बताया कि निराकार परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण दिवस को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। रात्रि शब्द इस बात का परिचायक है कि कलयुग के अंतिम समय में जब चारों ओर अज्ञानता का अंधियारा होता है, मनुष्य अनेक प्रकार की विकृतियों से घिर जाता है और चाह कर भी नहीं निकल पाता तब ज्ञान सागर परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित होकर ज्ञान का प्रकाश फैलाकर मुक्ति जीवन मुक्ति का रास्ता बताते हैं। परमात्मा शिव का ध्वज हमें संदेश देता है कि हम स्वयं परमात्मा शिव की यादों में रहे। साथ ही अपने अन्दर के विकारों को दूर करने का प्रयास करें। महाशिवरात्रि के पर्व पर हमें अपने अन्दर की बुराईयों को अर्पण करने से परमात्मा हमारे अन्दर सदगुणों को भर देते हैं, इसी की यादगार में हम कड़वी चीजें परमात्मा शिव पर अर्पण करते हैं, उपवास रखते हैं, जिसका भावार्थ यह है कि ऊपर की ओर वास करना अर्थात मन बुद्धि से सदा परमात्मा के समीप रहना। जागरण करते हैं तो एक दिन का जागरण नहीं लेकिन ज्ञान की जागृति सदा कल के लिए हमें अपने जीवन में लानी है, क्योंकि जब ईश्वरी ज्ञान से हम स्वयं को संपन्न करते हैं।

**अधिवक्ता की हत्या के विरोध में वकीलों ने मनाया प्रतिवाद दिवस**

# न्यायिक कार्य ठप, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की उठी मांग, सौंपा ज्ञापन



**जागरण, हरदा।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर सोमवार को हरदा जिले के समस्त अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन कार्य से विरक्त रहकर प्रतिवाद दिवस मनाया। शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी को हुई निर्मम हत्या के विरोध में वकीलों ने काम बंद कर अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की।

**सुरक्षा को लेकर जताया आक्रोश**

अधिवक्ताओं ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश में वकीलों पर लगातार जानलेवा हमले हो रहे हैं। इससे पूरे अधिवक्ता समुदाय में असुरक्षा की भावना व्याप्त है। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रही है, लेकिन सरकार द्वारा अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन और ज्ञापन प्रतिवाद दिवस के चलते जिले के सभी अधिवक्ता सोमवार को दिनभर न्यायिक कार्य से दूर रहे, जिससे कोर्ट की कार्यवाही प्रभावित हुई। दोपहर 2.00 बजे जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा के नेतृत्व में वकील कलेक्ट्रेट पहुंचे, यहाँ उन्होंने जिला प्रशासन की अधिकारी रजनी वर्मा को देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**आंदोलन जारी रखने की चेतावनी**

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि अधिवक्ताओं के संरक्षण के लिए शीघ्र ही सुरक्षा कानून लागू किया जाए। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिवाद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन यदि शासन ने उनकी सुरक्षा के लिए सख्त कानून नहीं बनाया, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है। इस दौरान बडी संख्या में जिला कोर्ट के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा एवं परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग



**जागरण, टिमरनी।** अधिवक्ता संघ टिमरनी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय कार्यालय टिमरनी में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ता संघ द्वारा बताया गया कि शिवपुरी जिले में दो दिन पूर्व शिवपुरी के वकील संजय सक्सेना मोटरसाइकिल से कोर्ट जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद पूरे मध्यप्रदेश में वकीलों द्वारा धरना, हडताल एवं न्यायालय के सभी कार्यों का बहिष्कार किया गया। अधिवक्ता संघ ने सरकार से मांग की है कि मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड का मुआवजा एवं परिवार से सरकारी नोकरी देने की मांग की गई। साथ ही मध्यप्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने की भी मांग की गई। ज्ञापन देते समय अधिवक्ता संघ टिमरनी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंहल, उपाध्यक्ष विक्रम रघुवंशी, धर्मेंद्र जसपाल, संतोष राजपूत, दीपक मालाकर, ग्रंथपाल शेंकि उपाध्याय, मनीष पारे, अतुल भार्गव, राजेश वर्मा, हिमांशु जलखरे, मनोज बिजगावने, श्रीकर गद्रे, ईशान सिंहल, जितेंद्र जसपाल, साबिर शाह सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# वन सुरक्षा समिति की राशि में हेरफेर का लगाया आरोप

**समिति के सदस्यों ने कलेक्टर से की शिकायत**



**जागरण, हरदा।** जिले की रहटगांव तहसील की वन सुरक्षा समिति खुमी के सदस्यों ने अपनी समिति के काष्ट लाभांश की राशि दूसरी समिति के खाते में जमा किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में सोमवार को समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार हिमांशु पोर्ते को एक ज्ञापन सौंपा और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। कलेक्टर को दिए गए आवेदन के अनुसार वन सुरक्षा समिति खुमी को कक्ष क्रमांक 215 से 218 और 221, 222 आवंटित हैं। वर्ष 2025 में कक्ष क्रमांक 217 के अंतर्गत दो कूपों की कटाई की गई थी, जिससे प्राप्त होने वाले 21609 रुपये के लाभांश पर खुमी समिति का हक था। आरोप है कि संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी ने समिति की बिना किसी जानकारी या सहमति के एक कूप की राशि वन सुरक्षा समिति केलझीरी के खाते में जमा कर दी है। समिति सदस्यों ने बताया कि लाभांश वितरण के नियमों के अनुसार 50 प्रतिशत राशि सदस्यों में नकद बांटी जाती है, जबकि 25 प्रतिशत ग्राम विकास और 25 प्रतिशत वानिकी कार्यों में खर्च होती है। राशि न मिलने से गांव के विकास कार्य और वानिकी गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में भी कूप कटाई के बाद उन्हें पूरी राशि नहीं मिली थी। पिछली बार के तीनों कूपों के लाभांश में से केवल 4 लाख 96 हजार रुपये ही प्राप्त हुए थे, जबकि शेष राशि आज भी लंबित है।

समिति अध्यक्ष रामाधार और अन्य सदस्यों ने मांग की है कि केलझीरी समिति के खाते में नियम विरुद्ध डाली गई राशि को तत्काल वापस खुमी समिति के खाते में ट्रांसफर किया जाए। साथ ही उन्होंने इस पूरे प्रकरण की जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई करने की भी अपील की है। प्रशासन ने ज्ञापन लेकर मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**जागरण, टिमरनी।** विकासखंड के ग्राम गाड़ामोड़ कला में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ के मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। यह मंदिर कमल यदुवंशी द्वारा दान की गई भूमि पर ग्रामीणों के सहयोग से निर्मित किया जा रहा है।

मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर पंडित राहुल उपाध्याय के सानिध्य में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर सोम सिंह यादव, कमल सिंह, अजय यदुवंशी, मोतीलाल कौशल, सबर सिंह यदुवंशी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य सामूहिक सहयोग से किया जा रहा है और भविष्य में यहां धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों का नियंत्रित उपयोग हो, उल्लंघन करने वालों के उपकरण जब्त किए जाएं : कलेक्टर

**वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने के दिए निर्देश**

**जरूरतमंदों को मिलने वाली सेवाओं में कोताही न बरतें, पेंशन से संबंधित शिकायतों का तत्परता से निराकरण हो, लोक प्रशांति भंग करने वालों को जेल भेजा जाए, सडक जैसी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के लिये प्रतिबद्ध रहें नगरीय निकायः कलेक्टर**



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सामाजिक सहायता योजनाओं में हितग्राहियों को नियमित पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करने के सामाजिक न्याय विभाग को निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि जरूरतमंदों को मिलने वाली सेवाओं में कोई कोताही न बरती जाए। सामाजिक सहायता पेंशन से संबंधित लंबित शिकायतों का भी तत्परता से निराकरण किया जाए। जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग पेंशन के लिये दिये जाने वाले मेडिकल सर्टिफिकेट में पूरी संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगता का निर्धारण किया जाए। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विद्यार्थियों की परीक्षाओं के दृष्टिगत जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरूद्ध उपयोग को नियंत्रित करने के तहसीलदार को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग होने की स्थिति में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र जप्त किये जाए। इसके बावजूद भी यदि कोई व्यक्ति लोक प्रशांति भंग करने का प्रयास करता है तो उसको जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि जिले में डीजे का उपयोग पूर्व से ही प्रतिबंधित किया जा चुका है। कलेक्टर ने वाहनों में प्रेशर हॉर्न का उपयोग को भी सख्ती से प्रतिबंधित करने के जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये। बैठक में करताना से जुगारिया मार्ग को दुरूस्त करने के कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये गये। हंडिया रोड पर संचालित एक मेरिज गार्डन में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने की शिकायत मिलने पर नगर पालिका अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। नगर पालिका अधिकारी हरदा को बकाया सम्पत्ति कर, जल कर तथा अन्य करों की वसूली करने के भी निर्देश दिये गये। इसके साथ ही सभी नगरीय निकायों को आमजन की सडक जैसी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के लिये प्रतिबद्ध रहने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा अभिलेख दुरूस्ती जैसी कार्यों की प्रगति की जानकारी भी कलेक्टर ने ली। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# 21वें वर्ष में शिव भक्त सेवा समिति का ऐतिहासिक आयोजन, शील्ड देकर किए सेवाभावी सम्मानित



**जागरण, खिरकिया।** नगर में भगवान भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा, जब शिवभक्त सेवा समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समिति के इस आयोजन का यह लगातार 21वां वर्ष रहा, जिसने श्रद्धा और उत्साह की नई मिसाल कायम की। शोभायात्रा का शुभारंभ कृषि उपज मंडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर से हुआ। वहां से यात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई स्थानीय बस स्टैंड पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। हर ओर हर-हर महादेव के जयघोष से माहौल गूंजता रहा। यात्रा में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हनुमान व्यायाम शाला टिमरनी द्वारा मलखंब की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं श्री जागृति व्यायाम शाला लेक्षिम मंडल बुरहानपुर ने भी शानदार प्रदर्शन किया। डमरू वादन की गूंज के साथ महाकाल हिंदू संगठन खिरकिया ने वातावरण को शिवमय बना दिया। बाबा महाकाल की भव्य पालकी महाकाल सेवा समिति खिरकिया द्वारा निकाली गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। इसके साथ ही श्याम ढोल पार्टी की मनमोहक प्रस्तुति ने शोभायात्रा में चार चांद लगा दिए। श्रद्धालुओं के लिए काबरा परिवार द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। स्थानीय बस स्टैंड पर सेवाभावी शिव भक्त सेवा समिति द्वारा सुनील सिह तोमर को शील्ड देकर सम्मान किया गया। अतिथि के रूप करणी सेना के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत, जनपद पंचायत अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल, चारुवा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह कलम, पार्षद किरण आठनेरे, दुर्गादास पाटिल एवं संजय सिंह चौहान शामिल रहे।

# आदर्श यदुवंशी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर



**जागरण, टिमरनी।** आदर्श यदुवंशी समाज द्वारा 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ग्राम नयागांव तहसील टिमरनी में भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है तथा आयोजन की तैयारियां तेजी से जारी हैं। समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध यदुवंशी ने बताया कि नयागांव में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के प्रति समाज में व्यापक उत्साह है। हरदा, नर्मदापुरम, सीहोर, खंडवा, इंदौर और भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से समाजजनों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अधिक जोड़ों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से समिति के सदस्य एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक परिवार इस आयोजन से जुड़ सकें। समाज के प्रतिनिधि विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर सम्मेलन की जानकारी दे रहे हैं और लोगों को सामूहिक विवाह के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। सम्मेलन में विवाह से जुड़े सभी मांगलिक कार्यक्रम विधि-विधान के साथ संपन्न कराए जाएंगे। समाज की ओर से सभी सामाजिक बंधुओं से अपील की गई है कि अपने योग्य पुत्र एवं पुत्रियों का विवाह इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से कराकर आयोजन को सफल बनाएं।

# छिंदवाड़ा को हराकर टिमरनी की कबड्डी टीम ने जीता 31 हजार का पहला इनाम



**जागरण, टिमरनी।** उज्जैन जिले के अंतर्गत ग्राम दनगवाड़ा में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कई वर्षों से कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें न्यू एसबीएस कबड्डी क्लब टीम ने क्वार्टर फाइनल में रीवा को सेमीफाइनल में इंदौर को और फाइनल मुकाबले में छिंदवाड़ा की टीम को हराकर प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपए प्राप्त किया। ज्ञात होगी पिछले वर्ष की कबड्डी प्रतियोगिता में भी टिमरनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। टिमरनी की फरवरी माह में लगातार तीसरी जीत की सभी खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर को बधाई दी गई। कबड्डी कोच अंकित जोशी ने बताया कि टिमरनी टीम में ताशू राजपूत, रंजीता धुर्वे, त्रिवेणी कौशल, शीतल चौहान, प्रियांशी राजपूत, प्रियांशी कौरव, मोनिका कलाम, दीप्ति कुमारी, टीना के साथ कोच सिमरन अग्रवाल शामिल रहे। इस उपलब्धि पर संजय शाह, देवेन्द्र भारद्वाज, सचिन दुबे, किशोर डूडी, अतुल बारंगे, राजेश खेरवा, आलोक जैन, राजा भुस्कुटे, मुरली पाटिल, कैलाश डूडी, सुनील दुबे, डॉ राजेंद्र शर्मा, दीपक भाटी, विनोद अग्रवाल, गौरव शुक्ला, मंगल सिंग यादव, जगदीश शर्मा, रामजीवन गोदारा, अरुण वर्मा, गिरजा शंकर राजपूत, सुरेश बघेल, धन्नालाल जाट, बाबा पटेल, राजकुमार चंदेल, विजय सावनेर, हिना अली खान ने शुभकामनाएं दी।

# गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी की मांग

**27 फरवरी को हरदा में बड़ा आंदोलन करेगा भारतीय किसान संघ, मासिक बैठक में निर्णय**



**जागरण, हरदा।** भारतीय किसान संघ जिला हरदा की मासिक बैठक जिला मंत्री विजय मलगाया के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर गहन चर्चा की गई और आगामी 27 फरवरी को एक बड़े जिला स्तरीय आंदोलन का निर्णय लिया गया। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो किसान उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में किसानों ने सरकार से आगामी रबी सीजन में गेहूं की खरीदी 2700 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से करने की प्रमुखता से मांग की है। साथ ही संघ ने मांग उठाई कि जिन किसानों की सोयाबीन 3500 रुपये से कम दाम पर बिकी है, उन्हें तत्काल भावांतर राशि का भुगतान किया जाए। मक्का को खरीफ में अधिसूचित कर भावांतर योजना या समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए। मंडियों में कोई भी उपज समर्थन मूल्य से कम दाम पर नीलाम न हो, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भारतीय किसान संघ ने फसल क्षतिपूर्ति से वंचित किसानों को भी जल्द मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही 72 घंटे की समय सीमा के भीतर सूचना न दे पाने वाले किसानों को भी फसल बीमा का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया है। भावांतर योजना के नियमों में व्यापक सुधार की भी आवश्यकता बताई गई, ताकि वास्तविक किसानों को इसका लाभ मिल सके। नहरों के संचालन को लेकर भी बैठक में चिंता जताई गई। किसानों की मांग है कि वर्तमान में आवश्यकता अनुसार नहरों में पानी चलाया जाए। आगामी मूंग फसल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए। मूंग के लिए माचक नहर में ओसरा बंदी से पानी देने की व्यवस्था न की जाए, ताकि फसल को नुकसान न हो। जिला मंत्री विजय मलगाया ने कहा कि गेहूं के 2700 रुपये दाम और मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी जैसे मुद्दों को लेकर 27 फरवरी को संघ आंदोलन करेगा। इस बैठक में जिले के साथ-साथ प्रांत, प्रदेश और सभी तहसीलों के प्रमुख कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### उधारी के पैसों को लेकर की मारपीट

**जागरण, इटारसी।** शहर के गरीबी लाइन क्षेत्र में उधारी के पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। फरियादी विजय चौहान (32 वर्ष), निवासी गरीबी लाइन, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी छोटू यादव ने उधारी के पैसों की बात को लेकर उसके साथ हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की। घटना के दौरान आरोपी ने फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी

**जागरण, इटारसी।** मेहरागांव क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की एक घटना घटित हुई है। आरोपी आकाश शर्मा, निवासी बिन्द्रा वाली गली सूरजगंज, ने फरियादी शुभम कुल्हाड़े 28 वर्ष को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात को लेकर रोका और उसके साथ मारपीट की। फरियादी के अनुसार, जब वह अपने घर के पास मेहरागांव में था, तब आरोपी ने उसे धमकाया कि थाने में रिपोर्ट क्यों की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### ज्वेल नॉर्टन बने नर्मदा रत्न 2026



**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय बॉडी बिल्डिंग और मेन्स फिजिक चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में संभाग भर के चुनिंदा बॉडीबिल्डर्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें इटारसी के ज्वेल नॉर्टन ने अपनी फिटनेस के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ज्वेल नॉर्टन को मेन्स फिजिक कैटेगरी में चैंपियन ऑफ चैंपियन घोषित किया गया। ज्वेल ने अपनी बेहतरीन मस्कुलरिटी और स्टेज प्रेजेंटेशन से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। इस संभाग स्तरीय स्पर्धा में अलग-अलग जिलों के दर्जनों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

### युवक से की गाली-गलौज और मारपीट

**जागरण, इटारसी।** पथरोटा थानांतर्गत ग्राम बाबईखुर्द के ओझा मोहल्ला क्षेत्र में एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। फरियादी सोनूराम 36 वर्ष, निवासी सिवनी मालवा के ग्राम बराखड़ ने पुलिस को बताया कि वह बाबई के ओझा मोहल्ला स्थित समीर बेठे के घर के सामने मौजूद था। इसी दौरान आरोपी समीर पिता पिंटू बेठे और सौरभ पिता जसवीर कलमे, दोनों निवासी ग्राम बाबई, ने उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। फरियादी के अनुसार, दोनों आरोपियों ने उसे अकारण ही गंदी-गंदी गालियां दीं और उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में घटनाक्रम दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

धरातल पर जनता का बुरा हाल, तीन-चार किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर छात्र-छात्राएं, मनमाना किराया वसूल रहे आटो चालक

# संकट में सफर : फाइलों में 'पिक एंड ड्रॉप' का फैसला

**जागरण, इटारसी।** शहर के बीचों-बीच स्थित पुराने बस स्टैंड को तवा कॉलोनी में शिफ्ट करने का निर्णय प्रशासन के लिए भले ही सुगम यातायात की कवायद हो, लेकिन आम जनता के लिए यह किसी मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से कम नहीं है। प्रशासन और बस ऑपरेटरों के बीच 'शपथ पत्र' के पेंच ने इस समस्या को और अधिक पेचीदा बना दिया है।



### ओवरब्रिज बना बसों का अघोषित अड्डा

नए बस स्टैंड की दूरी ने यात्रियों के सामने कई मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।

- **अवैध स्टॉपेज :** बसें पुराने स्टैंड पर आने के बजाय ओवरब्रिज पर ही सवारियां उतार और भर रही हैं।
- **लूट का शिकार :** ऑटो चालक तय 10 रुपए के बजाय मनमाना किराया 100 रुपए तक वसूल रहे हैं।
- **छात्रों की परेशानी :** धौंखेड़ा जैसे गांवों से आने वाले छात्र 3-4 किमी पैदल चलने को मजबूर हैं। परीक्षाएं नजदीक होने के कारण संकट और बढ़ गया है।

### समस्या का मूल कारण : 'शपथ पत्र' का पेंच

कांग्रेस नेताओं के आंदोलन और जनभावना को देखते हुए प्रशासन ने 5 मिनट पिक एंड ड्रॉप की अनुमति दी थी, लेकिन यह प्रक्रिया अब कागजों में उलझ गई है। बसें पुराने बस स्टैंड पर आने की जगह ओवर ब्रिज पर खड़ी होकर सवारियां उतार रही है साथ ही वहीं से बसें भरी जा रही है।

### पक्ष-स्थिति-तर्क

- **प्रशासन की शर्त :** बस ऑपरेटरों को शपथ पत्र देना होगा कि वे केवल 5 मिनट रुकेंगे और वैध परमिट रखेंगे।
- **बस ऑपरेटर :** कुछ ऑपरेटर शपथ पत्र देने को तैयार नहीं हैं, जिससे सामूहिक सहमति नहीं बन पा रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष का कहना है कि वे सहयोग को तैयार हैं, बस ऑपरेटर दस्तावेज सौंपें।

### क्या कहती है जनता और नेता

स्टेशन से पुराना स्टैंड पास था। अब नया स्टैंड बहुत दूर है। 'पिक एंड ड्रॉप' का फैसला जल्द लागू हो ताकि हमें राहत मिले।

**ज्योति चौरे**, लॉ छात्रा

-

ओवरब्रिज से स्कूल तक 4 किमी पैदल चलना पड़ता है। रोज ऑटो का खर्च नहीं उठा सकते। परीक्षाओं के समय यह बड़ी मुश्किल है।

**भावना सराठे** व **राधिका ठाकुर**, छात्राएं

हमने जनता की मांग उठाई है जिसे प्रशासन ने भी माना है। अब शासन-प्रशासन को बस मालिकों के साथ बैठकर इस गतिरोध को खत्म करना चाहिए। ताकि जनता को परेशानियों से निजात मिल सके।

**शिवाकांत पांडेय**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस
**कन्हैया गोस्वामी**, नगर अध्यक्ष कांग्रेस
**गजानन तिवारी**, सेवादल अध्यक्ष

### मुख्य बिंदु जो हल मांगते हैं

- **सामूहिक इच्छाशक्ति :** क्या प्रशासन उन ऑपरेटरों पर सख्ती करेगा जो शपथ पत्र नहीं दे रहे हैं?
- **ऑटो पर लगाम :** प्रशासन को सुनिश्चित करना होगा कि ऑटो चालक निर्धारित किराए से अधिक न वसूलें।
- **समय सीमा :** परीक्षाओं को देखते हुए पिक एंड ड्रॉप सुविधा अगले 48 घंटों में प्रभावी होनी चाहिए।

हमारी तरफ से प्रक्रिया स्पष्ट है। बस ऑपरेटर हमें शपथ पत्र दे दें, हम आरटीओ तक पहुंचा देंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए ऑपरेटरों को बसें पुराने स्टैंड पर लानी ही चाहिए।

**पंकज चौरे**, अध्यक्ष, नगर पालिका इटारसी

---

## दो बाइकों की भिड़ंत, मासूम सहित 7 घायल



**जागरण, इटारसी।** शहर के न्यास कॉलोनी क्षेत्र में सोमवार शाम एक सड़क हादसा हो गया। शाम करीब 5:45 बजे साईं की बगिया गार्डन के सामने दो बाइकों की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों पर सवार कुल 7 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर जा गिरे। पहली बाइक पर सवार दीपक ताम्रकार 42 वर्ष और अजय सोनी 30 वर्ष को हाथ, पैर और चेहरे पर हल्की चोटें आई हैं।

दूसरी बाइक पर होशंगाबाद निवासी एक ही परिवार के सदस्य सवार थे। जिनमें दिलीप प्रताप 38 वर्ष, दौलत देवहरे, सूरज सोनिया 32 वर्ष और 4 वर्षीय मासूम पीयूष मालवीय शामिल हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

### चार वर्षीय मासूम पीयूष की हालत पर नजर



न्यास कालोनी क्षेत्र में हुए हादसे में वयस्कों को सामान्य चोटें आई हैं, लेकिन 4 वर्षीय पीयूष के सिर में चोट लगने के कारण उसे डॉक्टरों की विशेष निगरानी में रखा गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय रहवासी मौके पर जमा हो गए और घायलों की मदद कर उन्हें तुरंत अस्पताल भिजवाया।

---

प्रभारी डॉ. सूर्यवंशी ने ली संगठनात्मक बैठक, पारदर्शी चयन का दिया भरोसा

## अजा जिलाध्यक्ष के लिए रायशुमारी, पैनल तैयार

**जागरण, इटारसी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष चयन को लेकर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम-बैतूल प्रभारी डॉ. देवेन्द्र सूर्यवंशी ने कार्यकर्ताओं और संभावित दावेदारों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर जोर दिया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नए जिलाध्यक्ष के लिए योग्य उम्मीदवारों का पैनल तैयार करना रहा। डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के निर्देशानुसार चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर संवाद कर प्राप्त बायोडाटा पर विचार किया।




जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय और नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने संगठन को और अधिक गतिशील बनाने की बात कही। संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने किया, जबकि आभार नर्मदापुरम एससी विभाग के निवर्तमान जिलाध्यक्ष इंजीनियर अजय अहिरवाल ने व्यक्त किया। बैठक में ओम सेन, हेमंत नरवारिया, मोहन झलिया, मधुसूदन यादव, गुमान सिंह मंडले, गजानंद तिवारी, धर्मेंद्र मालवीय, रामनारायण गौर, शेख रमजान, लाली सलूजा, शैलेंद्र पाठक, राकेश चंदेले, कन्हैयालाल बामने, नरेश चौहान, अनिल वस्तरवार, दिलीप गोस्वामी, अतुल तिवारी, रामशंकर सोनकर, गुफरान अंसारी, कृष्णा चौधरी, प्रहलाद आठनेरे, चंद्रकांत बहारे, सुशील बस्तरवार, नरेंद्र वर्मा, सोनू बकोरिया, मनोज कोलोसिया, प्रमोद कालोसिया, पवन पटेल, सागर भाई, अनूप गांचले, संतोष बामने, संतोष अहीरवाल, रवि अहीरवाल, मनमोहन अहीरवाल, विवेक पथोरिया, नरेंद्र पथोरिया, मयंक कलोसिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, परिवार में पसरा मातम

**जागरण, इटारसी।** मालवीयगंज क्षेत्र में उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई, जब वार्ड नंबर 16 के एक 30 वर्षीय युवक का शव इटारसी-नर्मदापुरम रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ। मृतक की पहचान आशीष पिता सुरेश मलैया के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### काम पर जाने का कहकर निकला था घर से

परिजनों के अनुसार, आशीष भारत टॉकीज के पास एक समोसे की दुकान पर काम करता था। रविवार सुबह वह हमेशा की तरह काम पर जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजन रात भर उसकी तलाश करते रहे और सोमवार सुबह पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में थे, तभी उन्हें ट्रैक पर शव मिलने की सूचना मिली।

### अधूरी रही शादी की हसरत

आशीष दो भाइयों में छोटा था और दोनों भाई अभी अविवाहित थे। बताया जा रहा है कि घर में आशीष की शादी की तैयारियां चल रही थीं और परिजन उसके लिए रिश्ता देख रहे थे। लेकिन इस हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया।

### पुलिस जांच में जुटी

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लिया। एएसआई सुरेंद्र मालवीय ने बताया कि मृतक की पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए इटारसी सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

## आज ऑडिटोरियम में लगेगा भव्य रोजगार मेला

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका परिषद और वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के संयुक्त तत्वावधान में 17 फरवरी को गांधी मैदान स्थित ऑडिटोरियम में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस मेले में 5वीं से 12वीं और उच्च शिक्षा उत्तीर्ण 18 से 25 वर्ष के युवक-युवतियां शामिल हो सकेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इसे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया है। चयनित अभ्यर्थियों को 3 माह की अप्रेंटिसशिप के बाद स्थायी नियुक्ति दी जाएगी। प्रारंभ में 12 हजार 150 रुपए प्रतिमाह वेतन के साथ हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

---

## अधिवक्ता की हत्या से आक्रोश, वकीलों ने किया काम का बहिष्कार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जागरण, इटारसी।** शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर की गई नृशंस हत्या के विरोध में आज इटारसी के अधिवक्ता संघ ने उग्र प्रदर्शन किया। अभिभाषक संघ इटारसी के आह्वान पर सोमवार को जिले के समस्त वकीलों ने न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर प्रतिवाद दिवस मनाया और सुरक्षा की मांग को लेकर हुंकार भरी।

इस दौरान अध्यक्ष रमेश सिंह राजपूत, सचिव पारस जैन, उपाध्यक्ष मनीष बाजपेयी, ममता नागेश, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे, संतोष गुरयानी, ओपी यादव, गोपाल राजपूत, दीपक श्रीवास, प्रवक्ता विनोद भावसार, सह-सचिव विजय दुबे सहित कार्यकारिणी के समस्त सदस्य और बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।




### कोर्ट परिसर से जयस्तंभ तक निकाली रैली

सोमवार सुबह अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रमेश सिंह राजपूत और सचिव पारस जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर से रैली निकाली। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। इसके पश्चात अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### एक सप्ताह में लागू हो एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट

अभिभाषक संघ के सचिव पारस जैन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, हम अपने संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत के आह्वान पर यह आंदोलन कर रहे हैं। शिवपुरी में हमारे एक साथी अधिवक्ता की भाड़े के हत्यारों ने हत्या कर दी है, जिससे पूरे प्रदेश के वकीलों में असुरक्षा की भावना है। हमारी मुख्य मांग हत्यारों को फांसी और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर शासन द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया गया, तो प्रदेश भर के अधिवक्ता भोपाल में मुख्यमंत्री निवास/कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

### ज्ञापन की मुख्य बातें

- **हत्या की निंदा :** 14 फरवरी 2026 को शिवपुरी में हुई अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की हत्या की मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद घोर निंदा करती है।
- **असुरक्षा का माहौल :** प्रदेश में डबरा और अन्य जिलों में भी अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।
- **न्यायालयीन कार्य ठप :** राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में आज 16 फरवरी को इटारसी के सभी वकील कार्य से विरत रहे, जिससे न्यायालयीन कामकाज पूरी तरह ठप रहा।

## सेस्टोबॉल में वेदांत और साहिल ने जीता गोल्ड

**जागरण, इटारसी।** दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेस्टोबॉल टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने स्वर्णिम सफलता हासिल की है। रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने ओमान को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस गौरवशाली जीत में नर्मदापुरम जिले के दो होनहार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

दुबई के खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त अनुशासन और तालमेल का प्रदर्शन किया। जीत की घोषणा होते ही दुबई की धरती पर तिरंगा शान से लहराया और चक दे इंडिया के नारों से मैदान गूंज उठा। अंतरराष्ट्रीय रेफरी ने भी भारतीय टीम की गति और खेल कौशल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। विजेता भारतीय टीम में मध्य प्रदेश के दो प्रमुख खिलाड़ी शामिल थे, इनमें वेदांत पटेल पिता शिव मोहन पटेल और साहिल सिंह सिसोदिया पिता गणपत सिंह सिसोदिया शामिल हैं। दोनों ही खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट खेल दिखाया और फाइनल मैच में महत्वपूर्ण अंक अर्जित कर जीत सुनिश्चित की।

मध्य प्रदेश सेस्टोबॉल टीम के कोच उत्कर्ष मालवीय इटारसी ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह स्वर्ण पदक वेदांत और साहिल की निरंतर मेहनत, समर्पण और अटूट टीम भावना का परिणाम है। इन युवाओं ने न केवल नर्मदापुरम बल्कि पूरे प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है।

---

**परिचर्चा** | भगवान बिरसा मुंडा महाविद्यालय सुखतवा में 'मैं अकेला नहीं हूं' विषय पर हुआ आयोजन

## मदद मांगना कमजोरी नहीं, खुद को बेहतर बनाने का पहला कदम, विशेषज्ञों ने दिए जीवन जीने के टिप्स

**जागरण, इटारसी।** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए महाविद्यालय डिस्ट्रिक्ट टॉस्क फोर्स ने मैं अकेला नहीं हूं विषय पर एक प्रेरणादायक परिचर्चा आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अकेलेपन और तनाव से बाहर निकालकर एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना था।

### परिचर्चा के मुख्य बिंदु

**संस्था प्रमुख का आश्वासन :** प्राचार्य डॉ. राजपूत ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा, आप स्वयं को अकेला न समझें, पूरा महाविद्यालय परिवार आपके साथ है। अपनी समस्याओं को बिना किसी संकोच के साझा करें।



**विशेषज्ञों की राय :** डॉ. वेद प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि अकेलापन मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, इसलिए समय पर मदद लेना आवश्यक है। वहीं श्रीमती संध्या उपाध्याय ने विद्यार्थियों को भावुक पलों में अपने अभिभावकों के बारे में सोचने की सलाह दी।

### हेल्पलाइन की दी जानकारी

सुश्री जोसलिन कुजूर ने शासन द्वारा जारी उमंग टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14425 के बारे में विस्तार से बताया, ताकि विद्यार्थी जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ परामर्श ले सकें।

कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन मेंटल हेल्थ क्लब प्रभारी डॉ. सौरभ तिवारी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सत्र को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

---

## लायंस क्लब इटारसी फ्रेंड्स की अनूठी पहल : विवाह की रजत जयंती पर 500 जरूरतमंदों को कराया भोजन




**जागरण, इटारसी।** जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। यदि व्यक्ति अपनी खुशी के अवसरों में समाज के वंचित वर्ग को शामिल करता है, तो वह न केवल खुशियां बांटता है बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का सच्चा प्रयास भी करता है। यह विचार पूर्व कैबिनेट सचिव एमजेएफ लायन राजेश अग्रवाल ने जय स्तंभ चौक पर आयोजित निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। अवसर था लायंस क्लब इटारसी फ्रेंड्स द्वारा आयोजित सेवा गतिविधि का। क्लब अध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रवाल एवं सचिव कामेश अग्रवाल ने बताया कि क्लब के सक्रिय सदस्य किशोर पटेल एवं श्रीमती तृप्ति पटेल ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ रजत जयंती को सेवा कार्य के रूप में मनाया। इस उपलक्ष्य में उनकी ओर से लगभग 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को पौष्टिक भोजन के पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर सचिव लायन कामेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अर्जुन मेघानी, पूर्व अध्यक्ष शरद गुप्ता, अशोक खंडेलवाल, अशोक गुरबाणी, विजय मनवानी, दीपक चौरसिया, हरीश मालवीय, अरविंद गुप्ता एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शादी से पूर्व मेरा नाम NEHA WADHWANI D/o BRIJ LAL WADHWANI था। शादी के बाद मेरा नाम SANIA SATYA W/o ROHIT SATYA है। मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, बोला व पढ़ा जावे।

**भवदीय**- SANIA SATYA
W/o ROHIT SATYA
356, GOKULPURI WARD
NO. 29, SINDHI COLONY
HOSHANGABAD-461001